# मुख्यमंत्री ने किया सरदार पटेल भवन का लोकार्पण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कोर्ट रोड, देहरादून स्थित नव निर्मित सरदार पटेल भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर विभिन्न जानकारियां प्राप्त कीं। मुख्यमंत्री ने 112 कंट्रोल रूम, स्टेट वीडियो सर्विलेंस सेंटर का भी अवलोकन किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड पुलिस की ई-बीट एप, उत्तराखंड के नागरिकों के लिए सी.ई.आई.आर सेवा पोर्टल का शुभारंभ भी किया। आरक्षी नागरिक पुलिस, अन्तः कक्ष प्रशिक्षण विषय पुस्तिका का विमोचन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भवन के लोकार्पण के पश्चात अब पुलिस विभाग को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पडेगा। डायल 112 का क्रियान्वयन भी भवन से किया जा रहा है, जिससे आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सकेगा। राज्य सरकार पुलिस कार्मिकों के कल्याण और उनकी आवासीय, अनावासीय सुविधाओं की पूर्ति के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। हमने विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण को धनराशि में बढ़ोतरी करते हुए 45 करोड़ का प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ई-बीट एप को पुलिस और आम जनता से सम्बन्धित विभिन्न सेवाओं के ऑनलाइन समाधान, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, पुलिस कार्यप्रणाली को पेपरलेस बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा राज्य सरकार उत्तराखंड पुलिस के विकास को भविष्य में भी पर्याप्त बजट उपलब्ध कराएगी। केन्द्रीय योजनाओं से भी पुलिस विभाग को अधिकतम बजट उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी। सरकार उत्तराखंड पुलिस को स्मार्ट पुलिस बनाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हम पुलिस को और अधिक सशक्त एवं संवेदनशील, तकनीकी रूप से दक्ष बनाना चाहते हैं। राज्य सरकार पुलिस जवानों को आधुनिक उपकरण एवं शस्त्र उपलब्ध कराने के साथ-साथ कार्यालयों को भी हाईटेक किये जाने को प्रतिबद्ध है। वर्तमान में राज्य में चारधाम यात्रा गतिमान है, जिसमें देश-विदेश से लाखों संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पुलिस चारधाम यात्रा को बेहतरीन तरीके से संचालित कर रही है। राज्य सरकार और पुलिस चारधाम यात्रा को आमजन के लिये सुगम और सुरक्षित बनाये रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि सरकार निरंतर स्मार्ट पुलिस के मंत्र पर काम कर रही है। बीते वर्षों में पुलिस को आधुनिकता से जोड़ने के लिए कई कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में नवीन भवनों का निर्माण कार्य हो रहा है जिसमें उसकी गुणवत्ता और समयावधि का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# उल्लासपूर्वक मनाया राष्ट्रपति का जन्मदिवस

**8 सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वस्थ निरोगी जीवन उनके दीर्घायु की कामना की**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी महानगर, देहरादून कार्यालय पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बलदेव नेगी के नेतृत्व में मंगलवार को मोर्चे के समस्त महानगर पदाधिकारियों ने देश की प्रथम जनजाति मोर्चा से संबंध रखने वालीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ सभी जनजाति पदाधिकारियों ने मनाया।
वास्तव में आज पूरे देश का जनजाति समुदाय अपने आप को बहुत ही गौरवान्वित महसूस करता है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने समाज के एक ऐसे




व्यक्तित्व को भारत के सर्वोच्च पद पर आसीन किया है, जिनका दूर-दूर तक सीधे राजनीतिक में कोई स्वार्थ नहीं था। आज तक इस देश में कांग्रेस ने इतने सालों तक राज किया परंतु कांग्रेस पार्टी ने जनजाति समुदाय के उत्थान के बारे में कभी कोई विचार नहीं किया, यह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। समस्त जनजाति समुदाय भारतीय जनता पार्टी का हार्दिक धन्यवाद अभिनंदन करता है। जन्म दिवस कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वस्थ निरोगी जीवन उनके दीर्घायु की कामना भगवान बद्री विशाल से की।

## गीता प्रेस को पुरस्कार देने का विधायक ने किया विरोध

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
संस्कृति मंत्रालय का गीता प्रेस गोरखपुर को 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार की घोषणा का विधायक रवि बहादुर ने विरोध किया है।
प्रेस को जारी बयान में विधायक रवि ने कहा कि समिति का फैसला बहुत गलत है। उन्होंने कहा कि जिस संस्थान के संस्थापक दलित और अंबेडकर विरोधी रहे हों उसे गांधी शांति पुरस्कार कैसे दे सकते हैं। सिर्फ आध्यात्म की किताबें छापने से कुछ नहीं होता स्वयं के अंदर हर धर्म, जाति, वर्ग के प्रति सौहार्द भी होना चाहिए।

# भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान, संतों-महंतों से किया संपर्क

**8 राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि यह भारत भूमि सनातन धर्म की प्रतीक है, यहां रामकृष्ण जैसे परम तपस्वी जन्मे हैं**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत बिहार क्षेत्र से राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर ने ईश्वर आश्रम चंद्रेश्वर नगर में संतों महंतों महामंडलेश्वर से बैठक की।
मंगलवार कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर ईश्वर दास महाराज ने की। इसमें राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि यह भारत भूमि सनातन धर्म की प्रतीक है, यहां रामकृष्ण जैसे परम



तपस्वी जन्मे हैं। इस धरा भूमि पर धर्म के प्रकाश हेतु ईश्वर ने संतों को माध्यम बनाया है। संत सदा सदैव मानव कल्याण और राष्ट्र के निर्माण हेतु अपना पूर्ण तहत समर्पण एवं सद्भाव रखते हैं। संतों महंतों की पावन भूमि पर इस प्रकार के संत समागम से सकल मनोरथ पूर्ण होते हैं।
इस अवसर पर आशीर्वाद स्वरूप महामंडलेश्वर ईश्वर दास महाराज ने कहा कि गौ गंगा गायत्री एवं सनातनी संस्कृति के लिए जो भी भगवा का सम्मान करते हुए समाज हित में कार्य करता है। संत उसी के साथ चलते हैं और संतों का आशीर्वाद सदैव सनातन संस्कृति और धन रक्षकों के साथ है। उन्होंने कहा गो हमारे देश का ही नहीं इस संपूर्ण विश्व का तारणहार जीव है। सदैव गोसेवा समाज सेवा संत सेवा इसे ही परम लक्ष्य मानना चाहिए।
उन्होंने समस्त संतों की ओर से राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल, नगर निगम की महापौर अनीता ममगांई और जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में राम तपस्थली के महामंडलेश्वर पीठाधीश्वर दयाराम दास महाराज महामंडलेश्वर अभिषेक चैतन्य महाराज, महंत छोटन दास महाराज, स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज, स्वामी महंत रवि प्रपन्नाचार्य और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा जिला महामंत्री दीपक धमीजा, जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, नमामि गंगे के प्रदेश संयोजक कपिल गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी जयंत किशोर, वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के नेता जितेंद्र अग्रवाल, वीर भद्र मंडल महामंत्री गौरव कैंथोला भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मॉडल जनपद के रूप में विकसित होगा चंपावत : धामी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जा रहा चंपावत न केवल उत्तराखंड के लिए बल्कि सभी हिमालयी राज्यों के लिए एक आदर्श बनेगा। चंपावत के विकास के लिए किए जा रहे इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स देश के सभी पर्वतीय राज्यों और जिलों के लिए गाइडलाइन का काम करेंगी।
चंपावत जिले को मॉडल जिला के रूप में विकसित करने में लगे जिला प्रशासन के साथ ही सभी सम्बन्धित स्टेकहोल्डर्स को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस सम्बन्ध में अभी तक हुए डॉक्यूमेन्टेशन को शत प्रतिशत धरातल पर उतारा जाए और इसकी निरन्तर निगरानी की जाये।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय भारत सरकार के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद चम्पावत को "आदर्श जनपद चम्पावत" के रूप में विकसित किये जाने के लिए किये गये कार्यों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों के संबंध में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया।
मुख्यमंत्री धामी ने मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय भारत सरकार के प्रतिनिधियों का चंपावत में जाकर तैयार की गई चंपावत के भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप विकास की संभावना, साइंस एवं टेक्नोलॉजी के आधार पर विकास की संरचना पर आधारित क्लाइमेंट एडापटिव एग्रीकल्चर पुस्तिका का विमोचन किया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि साइंस एवं टेक्नोलॉजी के माध्यम से जनपद चंपावत के अंदर किस प्रकार विकास को स्थापित कर सकते हैं, इस पर भी योजनाएं बनाई जाएं। उन्होंने कहा कि कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है।
महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत ने बताया कि चंपावत जिले में साइंस सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही संपूर्ण हिमालय राज्यों के लिए हिमालय नॉलेज कॉरिडोर को भी विकसित किया जा रहा है।
उन्होंने बताया यूकॉस्ट निरंतर प्रत्येक विभागों के साथ समन्वय कर विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। प्रत्येक योजना का डॉक्यूमेंटेशन भी किया जा रहा है।
इस दौरान कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, अतिरिक्त सचिव प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय डॉ प्रीति बेजल, राहुल नायर, प्रो. आर.एम पंत, कुलपति, असम केन्द्रीय विश्वविद्यालय, वीसी के माध्यम से जिलाधिकारी चंपावत नरेंद्र सिंह भंडारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### आईपीएस प्रशिक्षु तीन माह के लिए बना थानेदार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने जितेन्द्र कुमार मेहरा (प्रशिक्षु आईपीएस) को व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए 19 जून से 09 सितम्बर तक के लिए थाना प्रभारी (स्वतंत्र प्रभार) थानाध्यक्ष रायवाला के पद पर नियुक्त किया गया है। जितेन्द्र कुमार मेहरा ने थानाध्यक्ष रायवाला का पदभार ग्रहण कर लिया है।

### कुमाऊं और गढ़वाल मंडल में कई स्थानों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य मौसम विभाग ने पांच दिवसीय मौसम का पूवार्नुमान जारी किया है। इसमें कुमाऊं और गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्रों में गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम से बारिश हो सकती है। शेष जनपदों में मौसम शुष्क रहेगा।
मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने अपने पूवार्नुमान में मंगलवार, शुक्रवार और शनिवार के लिए चेतावनी दी है। इस अवधि में कुमाऊं क्षेत्र में अधिक बारिश होने की संभावना है। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झक्कड़ भी आ सकता है।
मौसम विभाग के अनुसार कहीं कहीं बिजली गिरने से जानमाल की क्षति हो सकती है जबकि तीव्र बौछार पौधरोपण, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। इस अवधि में कच्चे और असुरक्षित मकानों को हल्की क्षति हो सकती है। खुले में खड़े वाहन को क्षति पहुंच सकती है। अंधड़ के कारण पेड़ों के जड़ से उखड़ने की भी संभावना है। चारधाम यात्रियों से आग्रह किया गया है कि वह मौसम के पूवार्नुमान के अनुसार ही अपनी यात्रा जारी रखें।

# पुरोला की घटना को सांप्रदायिक रंग देने के विरोध में वामपंथी दलों ने दिया धरना



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के उत्तरकाशी के पुरोला में घटित घटना को सांप्रदायिक रंग देने के विरोध में मंगलवार को वामपंथी दलों की ओर से जिलाधिकारी चमोली के कार्यालय परिसर के सम्मुख धरना दिया। इस घटना की निष्पक्ष जांच करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा।
सीपीएम के जिलाध्यक्ष भुपाल सिंह रावत, सीपीआई के विनोद जोशी और भाकपा माले के अतुल सती ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की ओर से अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों के विरोध में नफरत फैलाने का काम किया जा रहा है। इन वर्ग के लोगों को टाररगेट कर सामाजिक तानाबाना समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। प्रदेश के मुखिया स्वयं ही लव जिहाद और लैंड जिहाद की घोषणा कर रहे हैं जो संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि लैंड जिहाद के नाम पर मात्र मजारों को तोड़ा जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से भूमिहीन अनुसूचित जाति के लोगों को नोटिस देकर उन्हें भूमि से बेदखल किया जा रहा है। इस प्रकार की एकतरफा कार्रवाई पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस धरने के माध्यम से राज्यपाल से मांग की गई है कि पुरोला में सांप्रदायिक माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, हेड स्पीच देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। धरना देने वालों में ज्ञानेंद्र खंतवाल, नरेंद्र रावत, संजय भंडारी, दीपक लाल, मदन मोहन चमोली, धन सिंह राणा आदि शामिल थे।

## 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा कार्यक्रम

**देहरादून**
हर घर आंगन योग की थीम पर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवसीय पर बहुउ्देदशीय आल परेड मैदान पर योग दिवस का आयोजित किया गया है। आयुर्वेद एवं यूनानी सेवाओं द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री सुबोध उनियाल विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक खजान दास उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम बुधवार को 8 बजे तक आयोजित किया गया है।

# मेजर जनरल मनोज तिवारी ने की राज्यपाल से भेंट

**देहरादून**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से मंगलवार को राजभवन में मेजर जनरल मनोज तिवारी, एडीजी रिक्रूटमेंट जेडआरओ उत्तरप्रदेश/उत्तराखण्ड ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उनसे उत्तराखण्ड में प्रस्तावित भर्ती रैलियों के संबंध में जानकारी ली।
मेजर जनरल तिवारी ने राज्यपाल को भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड के बनबसा, रानीखेत और कोटद्वार में आयोजित होने वाली भर्ती रैलियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में होने वाली भर्ती रैलियों में राज्य के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से



युवा बड़ी संख्या में प्रतिभाग करेंगे।
राज्यपाल ने कहा कि उक्त भर्तियों में युवाओं के लिए देश सेवा में जाने का अच्छा अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने राज्य प्रशासन से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया और राज्य में भर्ती प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हर ग्राम योग हर वार्ड योग : कमठान

**देहरादून**
मुख्य विकास अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 21 जून को होने वाले 9वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तराखंड राज्य में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस वर्ष के आयोजन के लिए राज्य सरकार ह्लहर ग्राम योग-हर वार्ड योगह्व यह थीम निर्धारित की गई है।
मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने समस्त विभागयाध्यक्ष और नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून, ऋषिकेश, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, विकासनगर, मसूरी, डोईवाला, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, हर्बटपुर सेलाकुई को




निर्देशित किया कि जनपद में अपने-अपने स्तर से प्रत्येक नगर निकाय के वार्डों एवं समस्त ग्राम सभाओं एवं नागर निकाय में योगाभ्यास किया जाए। राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही विकासपरक योजनाओं से संबंधित विकास पुस्तिकाओं का वितरण भी किया जाए। प्रत्येक जनपद में आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जागेश्वरधाम में होने वाले मुख्य कार्यक्रम से जोड़ा जाए।
अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त जनपदों के आम जनमानस को मुख्यमंत्री के साथ योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करने को प्रोत्साहित किया जाए।

# मैक्स अस्पताल में शुरू हुई रेडिएशन थेरेपी ओपीडी : डॉ. रश्मि शुक्ला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल देहरादून में कैंसर के मरीजों के लिए रेडिएशन ओपीडी प्रारंभ की है। इसका उद्देश्य ऐसे मरीजों को केयर और बेहतर परिणाम देना है। इस ओपीडी के जरिए ब्रेस्ट, फेफ-ड़े, लीवर, सिर, गर्दन, यूरोलॉजी और पैंक्रियाज कैंसर का इलाज उपलब्ध कराना है।
इसी संबंध में मंगलवार को मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज नई दिल्ली में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉक्टर रश्मि शुक्ला ने मीडिया से चर्चा की। डॉ. रश्मि शुक्ला 10 साल से ज्यादा वक्त से रेडिएशन थेरेपी की प्रैक्टिस कर रही हैं और देश के अलग-अलग रेडिएशन सेंटर्स से



प्रशिक्षित हैं। डॉक्टर रश्मि मैक्स हॉस्पिटल देहरादून में हर महीने के दूसरे शुक्रवार को ओपीडी में मरीजों को देखेंगी।
मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देहरादून में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉक्टर मनीषा पटनायक ओपीडी लॉन्च के मौके पर उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि "हमारा अस्पताल उत्तराखंड में एक बड़ा हेल्थ केयर सेंटर है जहां बेहद जटिल से जटिल कैंसर सर्जरी की जाती हैं। यहां माइक्रो-वैस्कुलर रिकंस्ट्रक्शन के साथ सिर और गर्दन के कैंसर, स्तन कैंसर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर सर्जरी की जाती है। इसमें विभिन्न प्रकार के कैंसर से पीड़ित लोगों की मदद के लिए एक डेडिकेटेड ट्यूमर बोर्ड भी है।
मेडिकल ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉक्टर रुनु शर्मा ने कहा, मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर देहरादून हर साल 200 नए कैंसर केस का इलाज करता है। इनमें से ज्यादातर मामलों में एक्टिव और हेल्दी लाइफस्टाइल से बीमारी से बचा जा सकता है और कैंसर पैदा करने वाले संक्रमणों के खिलाफ टीकाकरण से भी रोका जा सकता है। कैंसर से होने वाली इन मौतों की एक बड़ी संख्या को टाला जा सकता है।मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल देहरादून में ऑपरेशंस एंड यूनिट हेड के वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर संदीप सिंह तंवर ने कहा कि हमारा प्रयास हर आम आदमी को कैंसर से संबंधित मुद्दों से सभी जानकारी देना है। बड़े महानगरों से बाहर के मरीजों को अक्सर बेहतर इलाज पाने में मुश्किल होती है और इसलिए उन्हें मेट्रो शहरों की तरफ जाना पड़ता है। इसके अलावा, ऐसे मामलों का इलाज करने में समय बहुत महत्वपूर्ण है
ताकि अंगों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। यह ओपीडी मैक्स अस्पताल देहरादून की हेल्थ सेवाओं को और मजबूत करेगी और शहर के मरीजों को उनके घर पर ही वर्ल्ड क्लास इलाज मिलेगा।

# केदारनाथ प्रकरण पर कांग्रेस नेता वितण्डावाद कर रहे : सत्यवीर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा नेता सत्यवीर सिंह चौहान ने कहा कि केदारनाथ प्रकरण पर कांग्रेस के नेता अनावश्यक वितण्डावाद प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को हर काम में घपला घोटाला दिखाई देता है।
वह कांग्रेस नेता सुरेन्द्र कुमार और भुवन कापड़ी के बयानों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।
इस संबंध में भुवन कापड़ी और सुरेन्द्र कुमार ने कहा है कि केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह में जो सोने की निकासी हुई थी उसे तांबे में बदलने के प्रकरण मामले में



विभिन्न माध्यमों से लोगों को पता चला है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ प्रकरण की चचाएं पूरे भारतवर्ष में हो रही हैं जो उत्तराखंड की छवि को धूमिल करने का काम कर रहा है क्योंकि श्री केदारनाथ पूरे भारतवर्ष की धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ प्रकरण है, इसलिए सरकार को इस मामले में गहनता से जांच करानी चाहिए।
उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में केदारनाथ सभा, जो बाबा केदारनाथ की एक प्रमुख संस्था है उसके द्वारा भी केदारनाथ प्रकरण की जांच कराने के लिए सरकार से कहा गया है।
सरकार को स्थानीय लोगों की मांग और पूरे प्रदेश की छवि को ध्यान में रखते हुए इस प्रकरण की जांच निष्पक्ष रूप से करानी चाहिए।
सरकार को ऐसी चीजों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का काम करना चाहिए।

# सीएम ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

## -मरीजों को अस्पताल में बेवजह चक्कर न काटने पड़े, इसका रखें ख्याल : मुख्यमंत्री

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने मंगलवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फैली गंदगी पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल में आए मरीजों का हालचाल लेते हुए व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के तीमारदारों से बातचीत कर अस्पताल में मौजूद संसाधनों, डॉक्टरों की उपलब्धता, दवाइयों



की उपलब्धता और खाने-पीने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में मौजूद मरीजों के लिए बन रहे खाने को स्वयं जाकर देखा। उन्होंने कहा कि मरीजों को मिलने वाले भोजन में किसी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सभी तरह के पोषक तत्व भोजन में पाए जाए, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए।

**मरीजों को लंबी लाइन में ना लगाना पड़े -**
मुख्यमंत्री ने पंजीकरण डेस्क में जाकर प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के बारे में जाना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य संबंधित जांच के लिए अस्पताल आए मरीजों को लंबी लाइन में ना लगना पड़े, इसके लिए पंजीकरण डेस्क की संख्या में भी बढ़ोतरी की जाए।
मुख्यमंत्री ने इमरजेंसी वार्ड में जाकर वहां मौजूद डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, से भी वार्ता की।
उन्होंने अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों की उपस्थिति और उपचार में इस्तेमाल हो रही विभिन्न आधुनिक मशीनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल में यह व्यवस्था भी सुनिश्चित किया जाए कि मरीजों को बेवजह घूमना ना पड़े। एक ही स्थान पर मरीज अधिक से अधिक लाभ लें।

# रोटरी क्लब ने पार्क का किया निर्माण

**ऋषिकेश**
रोटरी क्लब ऋषिकेश ने वीरभद्र चौक पर आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आधुनिक ओपन पार्क का निर्माण किया है, जिसका शुभारंभ नगर निगम की महापौर अनीता ममगांई, रोटरी क्लब के डीजी गवर्नर रवि प्रकाश ने फीता काटकर किया।
मंगलवार को रोटरी क्लब के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के दौरान किए गए ओपन पार्क का उद्घाटन करने के उपरांत नगर निगम महापौर ने कहा कि इस प्रकार के पार्कों का निर्माण किए जाने से आमजन को स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए काफी सुविधाएं मिलती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हो रही भागम भाग के दौरान लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति निष्क्रिय हो गए हैं।
जिनको स्वस्थ रहने के लिए इस प्रकार के पार्कों का सहारा लेना



**8 पार्क का शुभारंभ नगर निगम की महापौर अनीता ममगांई, रोटरी क्लब के डीजी गवर्नर रवि प्रकाश ने फीता काटकर किया**

पड़ रहा है। रोटरी क्लब के डीजी गवर्नर रवि प्रकाश ने रोटरी क्लब के किए जा रहे जनहित के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि रोटरी क्लब हमेशा लोगों की सहायता के लिए विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य शिविर जैसे गरीबों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ दिव्यांगों को व्हीलचेयर, नेत्र परीक्षण के दौरान चश्मे ,कानों की मशीन आदि बांटता रहा है। रोटरी क्लब ने इस बार अपने प्रोजेक्ट में लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रोटरी पार्क का निर्माण किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पिडिलाइट के प्रभावी टाइल फिक्सिंग एडहेसिव ब्रांड रॉफ ने उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया

**देहरादून।** पिडिलाइट, कंस्ट्रक्शन और स्पेशिलिटी कैमिकल्स के प्रमुख निमार्ता ने टाइल फिक्सिंग के लिए पुराने विकल्पों की बजाए अपने प्रभावी टाइल फिक्सिंग एडहेसिव ब्रांड रॉफ की मगर की जकड़ जैसी मजबूती को लेकर नया उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया है। ये कैम्पेन सीमेंट सहित पारंपरिक टाइल फिक्सिंग प्रोसेस के परिणामस्वरूप टूटी हुई टाइलों, डिबॉन्डिंग, गिरने वाली टाइलों और ऊबड़-खबड़ लगी टाइलों के साथ ग्राहक की हताशा को भी सामने लाएगा। इसमें साफ दिखाया गया है कि गलत टाइल लगाने के कारण ग्राहक लगातार परेशानियों का सामना करता है। पिछले कुछ दशकों में टाइलों के उपयोग में काफी तेजी से बदलाव आया है, और पारंपरिक टाइल फिक्सिंग विधियों का पालन करना आज के ग्राहकों की उभरती जरूरतों के अनुरूप नहीं हो सकता है। दरअसल, सिरेमिक टाइलों के पीछे मिट्टी की सतह होती है जो सीमेंट के साथ अच्छी तरह से बंध जाती है, विट्रीफाइड टाइलें, जो आज सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली टाइलें हैं, के पीछे एक चिकनी, सपाट और बिना किसी छेदवाली सतह होती है जो अकेले सीमेंट के साथ मजबूती से बंध पाना मुश्किल होता है। साथ ही अलग अलग जगहों पर लगने वाली टाइल का आकार भी बड़ा होता जा रहा है। टाइल लगाने की पारंपरिक विधि उनकी पकड़ की ताकत को काफी कम कर देती है। लगातार बेहतर होती मॉडर्न टाइलों और पत्थरों को अधिक मजबूती के साथ पकड़ बनाए रखने के लिए हाई पावर एडहेसिव्स की आवश्यकता होती है जो सही फिक्सिंग के लिए समान रूप से फैलते हैं।
इसके अलावा, अधिकांश अन्य फिक्सिंग एजेंट पानी से सुरक्षित होते हैं और उनमें नमी काफी तेजी से वाष्पीकरण होकर उड़ जाती है। नतीजे में वे जल्दी टूट जाती है और मौसम में लगातार बदलाव के चलते वे अपनी पकड़ खो देते हैं और उखड़ने लग जाते हैं। हालांकि, रॉफ एडहेसिव्स मौसम के अनुसार कैमिकली रिएक्ट करते हैं और इसलिए वे मौसम में आने वाले बदलावों से भी प्रभावित नहीं होते हैं।
सुधांशु वत्स, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इस नए कैम्पेन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पिडिलाइट, हमेशा से ही तेजी से विकसित होती नई कैटेगरीज में नए उत्पादों को लाकर लीडरशिप हासिल करता है और ये कंपनी की कोर वैल्यू है। इसके चलते हुए पिडिलाइट लगातार आगे बढ़ रही है। हमारे ब्रांड रॉफ का उद्देश्य भारत में टाइल्स लगाने के तरीके को बदलना है। हमारे इस नए अभियान का राष्ट्रव्यापी लॉन्च टाइल फिक्सिंग को लेकर जागरूकता बढ़ाने और ग्राहकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### कामधेनू पेन्ट्स ने आयोजित की अब तक की सबसे बड़ी चैनल पार्टनर्स मीट

**हल्द्वानी।** उच्च गुणवत्ता के पेन्ट व इमल्शन निमार्ता और कामधेनू ग्रुप के ब्रांड कामधेनू पेन्ट्स ने अपने चैनल पार्टनरों के लिए दो दिवसीय कामधेनू सेंसेशनल बॉलीवुड नाइट (केएसबीएन 2) का आयोजन किया जिसका उद्देश्य है उन्हें उनके शानदा प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना और नई ऊंचाईयां छूने के लिए प्रेरित करना। पेन्ट कारोबार के डिमर्जर के बाद यह पहली तथा कंपनी की अब तक की सबसे बड़ी चैनल पार्टनर्स मीट है। देश भर से आए 800 से अधिक डीलरों ने अपने परिवारों के साथ इस आयोजन में शिरकत की। मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर और बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता राजकुमार राव ने असाधारण प्रदर्शन करने वाले चैनल पार्टनरों को पुरस्कार भेंट किए। विभिन्न प्रकार के गेम्स, संगीत और खानपान के साथ इस वर्ष के आयोजन में परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए कुछ न कुछ अवश्य था। प्रसिद्ध गायक पद्मश्री सोनू निगम और उनके संग राहुल वैद्य ने अपनी गायकी से वहां मौजूद हर व्यक्ति को मंत्रमुग्ध कर दिया। मशहूर सेलिब्रिटी जैकलीन फर्नान्डिस और रकुलप्रीत सिंह ने भी इस आयोजन की शोभा बढ़ाई और उनकी मौजूदगी से उपस्थित जन बहुत खुश हुए। जितेश चावला ने अपने जोक्स व मिमिक्री से लोगों को खूब हंसाया। दुनिया भर में जानेमाने डांस समूहों डांस स्मिथ और एमजे5 ने अपनी कमाल परफॉरमेंस से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कामधेनू पेन्ट्स के प्रबंध निदेशक सौरभ अग्रवाल ने चैनल पार्टनर्स मीट के बारे में कहा, कामधेनू ग्रुप अपने हर चैनल पार्टनर को कामधेनू परिवार के अभिन्न सदस्य की तरह मानता है।

# विजिलेंस ऑफिसर बनकर युवती से 1.97 लाख रुपये की ठगी

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
साइबर ठग अब विजिलेंस ऑफिसर बनकर ठगी करने लगे हैं। आरोपितों ने मुखानी क्षेत्र की एक लड़की को उसके नाम का अवैध पार्सल मिलने की धमकी देकर 1 लाख 97 हजार 452 रुपये ठग लिए। कुसुमखेड़ा निवासी हिमानी पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को मुम्बई विजिलेंस में ऑफिसर होना बताया। उसने बोला कि तुम्हारे नाम का एक पार्सल मिला है, जिसमें अवैध समान है। उन्होंने यह पार्सल खुद का होने से मना किया, लेकिन उन्होंने डराना धमकाना शुरू कर दिया। इसके एवज में उस अधिकारी ने उससे 1.97 लाख रुपये ठग लिए।

# मां बाराही धाम देवीधुरा में आज से विश्व कल्याण महायज्ञ, 24 तक चलेगा

**8 पांच दिन तक चलने वाले इस महायज्ञ के दौरान होने वाले सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दे दिया गया है**

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के विकास खंड पाटी स्थित मां बाराही धाम देवीधुरा में हिन्दू पुरोहित संघ और बाराही मंदिर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आज 20 से 24 जून तक होने वाले विशाल विश्व कल्याण महायज्ञ की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।
पांच दिन तक चलने वाले इस महायज्ञ के दौरान होने वाले सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दे दिया गया है।



आयोजन समिति के लक्ष्मण सिंह लमगड़िया ने कहा है कि यह दैवीय आयोजन किसी व्यक्ति विशेष का न होकर समस्त जनता का है। इसे सफल बनाने में क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक का सहयोग मिल रहा है। बाराही मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने बताया है कि सभी वैदिक पूजा और अनुष्ठान प्रधान पुरोहित आचार्य प्रकाश पांडेय, आचार्य विजय पांडेय सहित 11 विद्वान पुरोहित विधि विधान से करेंगे। अनुष्ठान का शुभारंभ ज्योतिर्मठ के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती करेंगे।
इस अवसर पर अमरकंटक और डोल आश्रम के संस्थापक स्वामीकल्याण दास, महाराष्ट्र के देवनाथ मठ के स्वामी जितेंद्र नाथ, साध्वी विभानंद गिरी, डंडी स्वामी शंकरानन्द गिरी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, आयोजन के प्रेरणास्त्रोत हीरा बल्लभ आदि शामिल होंगे। व्यवस्थाएं बनाने में रमेश राणा, रोशन सिंह लमगडिया, नंदू पांडेय, अमित लमगडिया, किशन सिंह लमगडिया, जीत सिंह चम्याल, ललित सिंह, दीवान सिंह लमगडिया, गिरीश सिंह, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह कठायत आदि सहयोग कर रहे हैं।

**वेबसाइट और पुस्तक का होगा विमोचन-**
यज्ञ के उद्घाटन अवसर पर आयोजन के प्रेरणास्त्रोत आईआरएसएस हीरा बल्लभ की ओर से विकसित मां वाराही धाम की वेबसाइट और बाराही मां पर लिखित पुस्तक का लोकार्पण किया जाएगा। यज्ञ के बाद प्रत्येक दिन भंडारा होगा।

# ट्रक से सामान चोरी का आरोपित गिरफ्त में

**8 पुलिस ने आरोपित के पास से करीब 1 लाख की डिवाइस बरामद की हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ट्रक से इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से करीब 1 लाख रुपये कीमत की डिवाइस बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
गत 19 जून को लक्सर क्षेत्र के ग्राम ढालवाला निवासी जितेन्द्र चौहान ने ट्रक से इलेक्ट्रॉनिक्स



डिवाइस एसीएम चोरी होने के संबंध में कोतवाली लक्सर में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आज आरोपित विपिन निवासी टिक्कमपुर लक्सर को ग्राम टिक्कमपुर से ट्रक से चोरी किये गये एसीएम डिवाइस के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामद डिवाइस की कीमत करीब 1 लाख रुपये बतायी गई है।

# अग्निहोत्र और पौधरोपण भारतीय संस्कृति का मूल आधार : कुलपति

**हरिद्वार**
अग्निहोत्र और पौधरोपण भारतीय संस्कृति का मूल आधार है। भारतीय मूल्यों के अनुसार आम जनमानस के स्वास्थ्य तथा कल्याण की कामना सही अर्थों में सतत पौधरोपण से साकार होती है। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में जी-20 प्रेसीडेंसी कार्यक्रम के तहत स्वच्छता और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन भेषज विज्ञान एवं योग विज्ञान विभाग में किया गया। स्वच्छता अभियान और पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि पौधरोपण और स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत वातावरण को स्वच्छ रखने, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने के लिए पौधरोपण एक प्रेरणादायक अभियान है।

# रिंगाल मैन राजेन्द्र का अभिनव प्रयोग, रिंगाल से बनाया राज्य पक्षी मोनाल

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
पहाड़ में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। रिंगाल मैन राजेन्द्र बड़वाल ने अपनी बेजोड़ हस्तशिल्प कला से रिंगाल के विभिन्न उत्पादों और पहाड़ की हस्तशिल्प कला को नयी पहचान और नयी ऊंचाई प्रदान की है। चमोली, देहरादून से लेकर मुंबई तक रिंगाल मैन राजेन्द्र बड़वाल के बनाये गये उत्पादों के हर कोई मुरीद हैं। पिछले साल राजेन्द्र ने रिंगाल से उत्तराखंड के पारम्परिक वाद्य यंत्र ढोल दमाऊ बनाकर एक नया अभिनव प्रयोग करके अपने हुनर का लोहा मनाया था। रिंगाल के ढोल दमाऊ के बाद रिंगाल मैन राजेन्द्र ने अपनी बेजोड़ हस्तशिल्प कला से राज्य पक्षी मोनाल बनाया है। रिंगाल के मोनाल को देखकर हर कोई आश्चर्यचकित और हतप्रभ है। हर कोई रिंगाल मेन राजेन्द्र बड़वाल की तारीफ कर रहे हैं।
गौरतलब है कि सीमांत जनपद चमोली के दशोली ब्लॉक के किरूली गांव निवासी राजेंद्र बड़वाल विगत 15 सालों से अपने पिताजी दरमानी बड़वाल के साथ मिलकर हस्तशिल्प का कार्य कर रहें हैं। उनके पिताजी पिछले 46 सालों से हस्तशिल्प का कार्य करते आ रहे हैं। राजेन्द्र पिछले पांच सालों से रिंगाल के परम्परागत उत्पादों के साथ साथ नये-नये प्रयोग कर इन्हें मॉडर्न लुक देकर नये डिजाइन तैयार कर



रहे हैं। उनकी ओर से बनाई गयी रिंगाल की छंतोली, ढोल दमाऊ, हुडका, लैंप शेड, लालटेन, गैस, टोकरी, फूलदान, घोंसला, पेन होल्डर, फुलारी टोकरी, चाय ट्रे, नमकीन ट्रे, डस्टबिन, फूलदान, टोपी, वाटर बोतल, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, पशुपतिनाथ मंदिर सहित अन्य मंदिरों के डिजायनों को लोगों ने बेहद पसंद किया और खरीदा। इससे राजेन्द्र को अच्छा खासा मुनाफा भी हुआ। राजेन्द्र बड़वाल की हस्तशिल्प के मुरीद उत्तराखंड में हीं नहीं बल्कि देश के विभिन्न प्रदेशों से लेकर विदेशों में बसे लोग भी हैं।

**क्या है रिंगाल?**
रिंगाल बांस प्रजाति का पौधा है। इसे बौना बांस भी कहा जाता है। हालांकि बांस काफी मोटा होता है। रिंगाल उसकी तुलना में बहुत बारीक होता है।

# संत निरंकारी मिशन वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर करेगा योगदिवस

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
संत निरंकारी मिशन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मिशन की विभिन्न शाखाओं में वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत वन वर्ल्ड, वन हेल्थ के आधार पर प्रातः 6 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में खुले स्थानों और पार्कों में योग किया जायेगा। सन्त निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने बताया कि मसूरी जोन की कई ब्रांचों के सत्संग भवनों में योग दिवस के कार्यक्रम को मनाया जायेगा। हरिद्वार संचालक केवल कुमार ने जानकारी दी की हरिद्वार में कार्यक्रम रानीपुर मोड स्थित सत्संग भवन पर सुबह छह बजे से सात बजे तक रखा जायेगा।




जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने कहा कि माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के निर्देशन में जहां आध्यात्मिक जागरूकता को अधिक महत्व दिया जा रहा है वहीं समाज कल्याण के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, बाल विकास, युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक मार्गदर्शन देने के लिए अनेक परियोजनाओं को क्रियान्वित रूप से संचालित किया जा रहा है। योग दिवस कार्यक्रम का विशाल रूप में आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष के 400 से अधिक स्थानों पर संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा के निर्देशन में उत्साहपूर्वक किया जायेगा।

# ऋषिकेश में जी-20 के बाद भी किए जाएंगे, सौंदर्यीकरण के कार्य : बंशीधर

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश में मंसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के जी-20 के अंतर्गत किए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्य इस बैठक होने के बाद भी किए जाएंगे। यह जानकारी एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने एमडीडीए के कार्यों का निरीक्षण के बाद दी। उन्होंने बताया कि त्रिवेणी घाट सहित अन्य स्थानों पर भी विभाग की ओर से क्षेत्र में सौंदर्यीकरण के काम किए जा रहे हैं।
जी-20 की बैठक में शामिल होने वाले विदेशी मेहमान त्रिवेणी घाट में होने वाली गंगा आरती में शामिल होंगे। इनके स्वागत के लिए जितनी भी तैयारियां हो रही है, इनमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी



मंसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के ऊपर है। भवनों की रंगाई पुताई, दीवारों पर आध्यात्मिक चित्र, दुकानों के बाहर एकरूपता वाले साइनेज, त्रिवेणी घाट की सजावट, मूर्तियों का हस्तांतरण, पुरानी मूर्तियों का सुंदरीकरण आदि सभी कार्य एमडीडीए की ओर से किए जा रहे हैं। त्रिवेणी घाट के समीप स्थित पुरातन महत्व वाले ऋषि कुंड का भी जीर्णोद्धार विभाग की ओर से किया जा रहा है। इस इस दौरान एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने विभागीय सचिव मोहन सिंह बर्निया और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजी शरण शर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ ऋषि कुंड का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि ऋषि कुंड क्षेत्र का विकास के साथ सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। जी-20 के बाद भी इस पौराणिक महत्व वाले स्थल का काम जारी रहेगा। कुंड की सफाई के साथ-साथ इसके पौराणिक स्त्रोत की भी सफाई कराई जा रही है। यहां पानी की निरंतरता बनाने के भी उपाय किए जा रहे हैं। यहां जो भी काम होंगे, उसमें इस कुंड के पुरातत्व महत्व को सुरक्षित रखा जाएगा। त्रिवेणी घाट में उद्योगपति घनश्याम दास बिरला की मूर्ति को शिफ्ट कर दिया गया है, नए स्थान को भी भव्यता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि जी-20 के बाद त्रिवेणी घाट में एक बड़ी एलइडी लगाए जाने की योजना है। जिसमें धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि त्रिवेणी घाट पार्किंग में जाने वाले क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया गया है, वहां क्षेत्र के धार्मिक स्वरूप से संबंधित श्रद्धालुओं के लिए भव्य सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जा रहा है।

# पुलिस ने दबोचा मोबाइल चोर, 4 मोबाइल बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
घर से मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी के 4 मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
थाना भगवानपुर क्षेत्र में पीड़ित ने घर से अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल चोरी किए जाने के संबंध में पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने आज एक आरोपित लक्की निवासी गंगोह जिला सहारनपुर उप्र को गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से घर से चोरी किए




मोबाइल के अलावा 3 अन्य चोरी के मोबाइल बरामद हुए।

## 'रणजी ट्रॉफी को बेकार टूर्नामेंट समझा जाता है', सक्सेना को दलीप ट्रॉफी में अनदेखा करने पर पूर्व क्रिकेटर भड़का

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में कई 'हास्यास्पद चीजें होती हैं' और उनमें केरल के स्पिनर जलज सक्सेना का 28 जून से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी के लिए दक्षिण क्षेत्र की टीम में नहीं चुना जाना भी शामिल है। सक्सेना ने अतीत में भारत ए और मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने बीते रणजी ट्रॉफी सत्र में केरल के लिए 50 विकेट लिए है। प्रसाद ने ट्वीट किया, 'भारतीय क्रिकेट में कई मजेदार चीजें हो रही हैं। रणजी ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज को दक्षिण क्षेत्र की टीम के लिए भी नहीं चुना जाना उतना ही चौंकाने वाला है। इससे यह पता चलता है कि रणजी ट्रॉफी को बेकार टूर्नामेंट समझा जाता है। कितनी शर्म की बात है।' छत्तीस साल के सक्सेना ने अपने लंबे घरेलू करियर में 133 प्रथम श्रेणी मैच, 104 लिस्ट ए और 66 टी20 मैच खेले हैं। गौर हो कि इससे पहले 36 वर्षीय सक्सेना ने ट्वीट किया था, 'भारत में रणजी ट्रॉफी (एलीट ग्रुप) में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को दलीप ट्रॉफी में नहीं चुना गया। क्या आप कृपया जांच सकते हैं कि क्या यह भारतीय घरेलू इतिहास में कभी हुआ है? सिर्फ जानना चाहता हूं। किसी को दोष नहीं दे रहा हूं।'



## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी के पहले मैच में तीन अगस्त को चीन से खेलेगा भारत

**चेन्नई।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम तीन से 12 अगस्त तक यहां होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में पहले दिन चीन से खेलेगी। मेजबान भारत और चीन मेजर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम पर पहले दिन के आखिरी मैच में आमने सामने होंगे। चीन के बाद भारत का सामना चार अगस्त को जापान से और छह अगस्त को मलेशिया से होगा। इसके एक दिन बाद कोरिया से टक्कर होगी। एशियाई हॉकी महासंघ ने मंगलवार को टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी किया। भारत और पाकिस्तान की टक्कर नौ अगस्त को होगी। छह टीमों के टूर्नामेंट में दक्षिण कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, चीन और भारत शामिल होंगे। सभी टीमें एक ही पूल में है और अंकतालिका के आधार पर उनकी स्थिति तय होगी। गत चैम्पियन कोरिया पहले मैच में जापान से खेलेगा। सेमीफाइनल 11 अगस्त को और फाइनल 12 अगस्त को होगा। भारत (2011, 2016, 2018) और पाकिस्तान (2012, 2013, 2018) तीन तीन बार खिताब जीत चुके हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'हम हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी 2023 की मेजबानी चेन्नई में करके काफी खुश हैं। मैं चाहता हूं कि भारतीय टीम शीर्ष पर रहे और बाकी टीमें भी उम्दा प्रदर्शन करें।'



## स्टुअर्ट ब्रॉड की शानदार गेंदबाजी पर बोले हैरी ब्रूक, ऐसा लगा कि उन्हें हर गेंद पर विकेट मिलने वाला है

**जकार्ता ।** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने एशेज 2023 के पहले टेस्ट के चौथे दिन स्टुअर्ट ब्रॉड के सनसनीखेज स्पैल (गेंदबाजी) की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसा लगा कि यह अनुभवी तेज गेंदबाज हर गेंद पर एक विकेट ले रहा है। ब्रॉड ने गेंद को दोनों दिशाओं में ले जाने के लिए दिया और यकीनन ऑस्ट्रेलिया के दो सबसे खतरनाक बल्लेबाजों, मारनस लाबुशाने और स्टीव स्मिथ को आउट कर इंग्लैंड के पक्ष में खेल को मोड़ दिया। शीर्ष दो टेस्ट बल्लेबाज ब्रॉड की अथक सटीकता का सामना नहीं कर सके और अंततः लूज ड्राइव खेलने की कोशिश में पीछे छूट गए। ब्रूक ने कहा, 'यह अच्छा था। ऐसा लगा कि उसे (ब्रॉड को) हर गेंद पर विकेट मिल जाएगा। खासकर तब जब हम उसे अंत में स्विंग करा रहे थे। तब यह शानदार था और उम्मीद है कि वह कल भी इसे जारी रख सकता है।'वीडियो इंग्लैंड क्रिकेट ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया है। ब्रूक ने इंग्लैंड के खिलाड़ियों को मौजूदा प्रबंधन द्वारा खुद को अभिव्यक्त करने की दी गई आजादी का पूरा आनंद लिया है।

## बर्मिंघम क्लासिक : वीनस विलियम्स ने जीत के साथ की शुरुआत

**बर्मिंघम।** अमेरिकी स्टार टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने सोमवार को बर्मिंघम क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में 48 वीं रैंकिंग वाली कैमिला जियोर्गी को 7-6 (5), 4-6, 7-6 (6) से शिकस्त दी। 43 वर्षीय वीनस ने लगभग चार वर्षों में शीर्ष 50 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की। यह मुकाबला तीन घंटे से भी अधिक समय तक चला।

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार विंबलडन का खिताब जीतने वाली विलियम्स साल के पहले सप्ताह में ऑकलैंड, न्यूजीलैंड में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण छह महीने के लिए टेनिस कोर्ट से बाहर हो गई थी। पिछले हफ्ते उनकी वापसी पर, वह नीदरलैंड में लिबिमा ओपन के पहले दौर



में 17 वर्षीय सेलीन नेफ से हार गई थीं। मैच जीतने के बाद विलियम्स ने कहा, ऐसे कई क्षण थे जहां मैंने सोचा, 'यह मैच खत्म हो गया है,' लेकिन जियोर्गी ने वहीं पर वापसी की, उसने काफी बेहतर किया।मैंने बहुत सारे मैच नहीं खेले हैं, और इस जीत के साथ वापसी करना बहुत अच्छा है।

## एशियाई ट्रैक साइकिलिंग: रोनाल्डो सिंह ने नये राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता रजत पदक

**बर्मिंघम।** अमेरिकी स्टार टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने सोमवार को बर्मिंघम क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट में 48 वीं रैंकिंग वाली कैमिला जियोर्गी को 7-6 (5), 4-6, 7-6 (6) से शिकस्त दी। 43 वर्षीय वीनस ने लगभग चार वर्षों में शीर्ष 50 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की। यह मुकाबला तीन घंटे से भी अधिक समय तक चला। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार विंबलडन का खिताब जीतने वाली विलियम्स साल के पहले सप्ताह में ऑकलैंड, न्यूजीलैंड में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण छह महीने के लिए टेनिस कोर्ट से बाहर हो गई थी। पिछले हफ्ते उनकी वापसी पर, वह नीदरलैंड में लिबिमा ओपन के पहले दौर में 17 वर्षीय सेलीन नेफ से हार गई थीं। मैच



जीतने के बाद विलियम्स ने कहा, ऐसे कई क्षण थे जहां मैंने सोचा, 'यह मैच खत्म हो गया है,' लेकिन जियोर्गी ने वहीं पर वापसी की, उसने काफी बेहतर किया।मैंने बहुत सारे मैच नहीं खेले हैं, और इस जीत के साथ वापसी करना बहुत अच्छा है।

## सैफ चैंपियनशिप: पाकिस्तान को मिला भारतीय वीजा,अपने पहले मैच से कुछ घंटे पहले टीम आएगी भारत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान फुटबॉल टीम को आखिरकार भारत की यात्रा करने और बेंगलुरु में सैफ चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए वीजा जारी कर दिया गया है। हालांकि, टीम 21 जून को भारत के खिलाफ अपने पहले मैच से कुछ घंटे पहले ही बेंगलुरु में उतर सकती है।

पाकिस्तानी टीम, जो अभी मॉरीशस में है, को चार देशों के टूर्नामेंट में खेलने के बाद 18 जून को भारत के लिए रवाना होना था। लेकिन पहले पाकिस्तान खेल बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने और फिर भारत सरकार से वीजा मिलने में देरी के कारण टीम ने रविवार को फ्लाइट मिस कर दी। उनके टीम मैनेजर हसनैन हैदर ने कहा कि टीम आज भारत के लिए उड़ान भरेगी। हालांकि, यात्रा जटिल लगती है। टीम का प्रवेश मुंबई से है, इसलिए वे पहले मॉरीशस से मुंबई के लिए उड़ान भरेंगे, और फिर बेंगलुरु के लिए उड़ान भरेंगे




हैदर ने ईएसपीएन से बातचीत में कहा, हम मंगलवार को यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। हम एक सुबह के फ्लाइट की तलाश कर रहे हैं, जो आदर्श होगी। हालांकि, अगर हम शाम की उड़ान लेते हैं, तो हम 21 जून की सुबह लगभग 1 बजे मुंबई पहुंचेंगे। हमें बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने के लिए सुबह 5 बजे तक इंतजार करना पड़ सकता है। हम अनिवार्य रूप से बुधवार सुबह 8 बजे के आसपास बेंगलुरु में उतरेंगे। यह टीम को एक प्रतिकूल स्थिति में रखता है क्योंकि खिलाड़ियों के पास 14 घंटे से अधिक की यात्रा से मानसिक और शारीरिक रूप से ठीक होने के लिए 12 घंटे से भी कम समय होगा। इससे उन्हें बेंगलुरू की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने का समय नहीं मिलेगा। हैदर ने कहा, टीम ने सोमवार सुबह प्रशिक्षण लिया और भारत के लिए रवाना होने के लिए तैयार है। हमने पिछले दो दिनों से अपने बैग पैक कर लिए हैं। अगर हमारी शाम की उड़ान है तो हम मंगलवार सुबह प्रशिक्षण ले सकते हैं। बता दें कि रविवार को इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतने वाले मेजबान भारत के खिलाफ मैच से पहले यह उनका आखिरी ट्रेनिंग सत्र होगा।

पाकिस्तान 21 जून को सैफ चैंपियन भारत के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, इसके बाद 24 जून को कुवैत से भिड़ेगा और फिर 27 जून को नेपाल का सामना करेगा।

## घुटने की चोट के कारण निक किर्गियोस हाले ओपन से बाहर

**हाले।** पिछले साल विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के उप विजेता रहे निक किर्गियोस ने घुटने की चोट के कारण सोमवार को हाले ओपन से हटने का फैसला किया। वह लंबे समय से घुटने की चोट से जूझ रहे



हैं। टूर्नामेंट की वेबसाइट पर किर्गियोस ने एक बयान में कहा, ''पिछले दो दिन में मैंने हाले में हर चीज करने का प्रयास किया लेकिन फिर मुझे हटने का फैसला करना पड़ उन्होंने कहा, ''मैं पिछले साल की तरह अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था, जब मैं सेमीफाइनल में पहुंचा था। लेकिन अब यह संभव नहीं है। 'किर्गियोस ने जनवरी में घुटने की सर्जरी करायी थी और अक्टूबर के बाद पिछले हफ्ते टेनिस कोर्ट पर लौटे थे लेकिन स्टुटगार्ट ओपन में उन्हें वु यिबिंग से सीधे सेट में हार मिली।

## अपने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर राजस्थान पैट्रियट्स ने दिल्ली पैंजर्स को हराया

**जयपुर।** राजस्थान पैट्रियट्स ने सोमवार को प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) के पहले संस्करण के मुकाबले में दिल्ली पैंजर्स के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। अपने शानदार डिफेंस और आक्रामक अटैक के दम पर राजस्थान की टीम ने दिल्ली को 35-30 से हराया।

तेलुगु टैलन्स और महाराष्ट्र आयरनमेन के साथ राजस्थान पैट्रियट्स ने पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस लिहाज से दिल्ली पैंजर्स के साथ होने वाला यह मैच उसके लिए अहम नहीं था लेकिन दिल्ली की टीम के लिए यह काफी अहम था। पैंजर्स को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए



हर हाल में जीत की दरकार थी। दिल्ली पैंजर्स ने खेल की शुरुआत फंट फुट से की। जसमीत सिंह घातक फॉर्म में थे। मैच के शुरुआती मिनटों में उनके गोल ने उनकी टीम को लीड दिला दी।

फिर भी, अर्जुन लाकड़ा जल्द ही फार्म में आए गए और उन्होंने अकेले दम पर अपनी टीम को अपने कुछ बेहतरीन एरोबेटिक फिनिश के साथ मैच में वापस खींच लिया। 15वें मिनट तक स्कोर 6-6 से बराबरी पर था। जसमीत और अर्जुन शुरुआती मिनटों में अपनी-अपनी टीमों के लिए चमक दिखा रहे थे।राजस्थान पैट्रियट्स ने धीरे-धीरे वहां से खेल पर नियंत्रण करना शुरू कर दिया। सुमित और मोहित घनघस ने आगे चलकर अर्जुन का साथ देना शुरू कर दिया। डिफेंस में अतुल कुमार अपना काम कर रहे थे। उन्होंने कुछ बेहतरीन बचाव किए और अपने डिफेंस को शानदार तरीके संभाला। दिल्ली के खिलाड़ियों को बहुत कम समय और जगह दे रहे थे। इसने राजस्थान की टीम को हाफ टाइम की समाप्ति तक 16-13 से आगे कर दिया। पैंजर्स दूसरे हाफ में तेज शुरुआत करने के मूड में दिखे। वे गोल के घाटे को कम करना चाह रहे थे। भूपेंद्र घनघस, जिन्हें पहले पीरियड में अपेक्षाकृत शांत रखा गया था, ने दूसरे हाफ में अपना फिनिशिंग टच पाया। वह विंग पर अधिक से अधिक गेंद पा रहे थे और लगातार स्कोर करने में सफल हो रहे थे। हालांकि, मोहित घनघस, सुमित और अर्जुन लाकड़ा की तिकड़ी अटैक में अत्यधिक प्रभावी थी। उन्होंने अपनी टीम को अपनी बढ़त बनाए रखने में मदद की।

## जूनियर राजस्थान राज्य तैराकी प्रतियोगिता का उद्घाटन, भीलवाड़ा व जयपुर के नाम दो-दो रिकार्ड

**भीलवाड़ा।** शाहपुरा के तरणताल पर जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार सांय शाहपुरा की ओएसडी डॉ. मंजू ने किया। एडीजे सुनील ओझा व स्विमिंग फेडरेशन के उपाध्यक्ष अनिल व्यास, तैराकी संघ के प्रदेश महासचिव विनोद सनाढ्य की मौजूदगी में आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ओएसडी डॉ मंजू ने कहा कि शाहपुरा मुख्यालय पर तैराकी के प्रति जो जज्बा है उसे प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

आज प्रतियोगिता के पहले दिन पांच नये रिकार्ड बने है। तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने बताया कि आज प्रतियोगिता में 50 मीटर फ्री स्टाईल में भीलवाड़ा के लकी अली खा ने 0.24.63 का समय लेकर न्यू रिकार्ड बनाया है। इसी प्रकार 50 मीटर बैक स्ट्रोक में जयपुर के कृष्णादित्य सिंह ने 0.28.57 का समय, 400 मीटर व्यक्तिगत मिडले में राजसमन्द के युग चेलानी ने 04.36.75 का समय, 50 मीटर फ्री स्टाईल में भीलवाड़ा की योग्या सिंह ने 0.27.97 का समय, 800 मीटर फ्री स्टाईल में जयपुर की हरिका अलग ने 10.21.12 का समय लेकर न्यू रिकार्ड कायम किया है।

जिला तैराकी संघ के सचिव नरेश बूलिया ने सभी का स्वागत करते हुए इस प्रतियोगिता से ही जयंत ओझा मेमोरियल जूनियर जनरल चैंपियनशिप रंगी ट्राफी देने की घोषणा की। तैराकी संघ के सचिव विनोद खंडेलवाल व कोषाध्यक्ष महाव्रत सिंह गौतम ने



अतिथियों का स्वागत किया।

**राजस्थान तैराकी संघ के कार्यालय प्रभारी वेदप्रकाश सुथार ने बताया कि आज पहले दिन के परिणाम इस प्रकार से रहे-**

बॉयज ग्रुप प्रथम में 50 फ्री स्टाईल में भीलवाड़ा के लकी अली खा प्रथम, सीकर के कुणाल फौजदार द्वितीय, सीकर के मंथन चोधरी तृतीय, 800 मीटर फ्री स्टाइल में बीकानेर के नवीन भादू प्रथम, उदयपुर के सौम्य खमेसरा, जयपुर के आदित्य बृजेश शर्मा तृतीय रहे। 50 मीटर बेक स्ट्रोक में जयपुर के कृष्णादित्य सिंह, सीकर के मंथन चोधरी व उदयपुर के चिन्मय शर्मा, 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में जयपुर के अभिनंदन खंडेलवाल, भीलवाड़ा के मोहम्मद अनस, सीकर के मानसिंह, 400 मीटर व्यक्तिगत मिडले में राजसमंद के युग चेलानी, भीलवाड़ा के मोहम्मद अनस, जयपुर के साहिल गुप्ता क्रमश प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे।

बॉयज सेकंड ग्रुप में 50 मीटर फ्री स्टाइल में जयपुर के गौरांग मोदी, जयपुर के शौर्यवीर सिंह, सीकर के गिरीराज सोनी, 800 मीटर फ्री स्टाइल में जयपुर के शिवन खंडेलवाल, जोधपुर के सृजनसिंह, राजसमंद के दियान सनाढ्य, 50 मीटर बेक स्ट्रोक में जयपुर के गौरांग मोदी, भीलवाड़ा के आदित्य लखकार, जयपुर के कार्तिक अग्रवाल, 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में उदयपुर के सृजनसिंह, जयपुर के शिवम खंडेलवाल, जयपुर के रूद्र प्रताप सिंह, 400 मीटर व्यक्तिगत मिडले में जयपुर के गगन मीणा, भीलवाड़ा के आदित्य लखकार व उदयपुर के आयुष चोधरी क्रमश प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। गर्ल्स प्रथम वर्ग में 50 मीटर फ्री स्टाईल में भीलवाड़ा के योग्या सिंह, जयपुर के हरिका अलग, सीकर की कुसुम कुमावत, 800 मीटर फ्री स्टाईल में जयपुर के हरिका अलग, उदयपुर की उत्सवी दवे, उदयपुर की शौर्य राणावत, 50 मीटर बेक स्ट्रोक में जयपुर की सान्वी कुमावत, जयपुर की समृद्धि, अजमेर की श्रुतिसिंह, 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में उदयपुर की चार्वी शर्मा, भीलवाड़ा की श्रेया जैन, जयपुर की दिवाली शर्मा, 100 मीटर बटर फ्लाई में उदयपुर की चार्वी शर्मा, सीकर कोमल यादव, अजमेर की रिद्धी शर्मा, 400 मीटर व्यक्तिगत मिडले में जयपुर की हरिका अलग, उदयपुर की शौर्या राणावत, जयपुर की उर्जा जैन, 4 गुणा 200 मीटर फ्री सटाइल रिले में जयपुर, उदयपुर व भीलवाड़ा क्रमश प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे।

गर्ल्स सैकंड ग्रुप में 100 मीटर बटर फ्लाई में जयपुर की ऐनिका अग्रवाल, टोंक की दक्षिण जोशी, जोधपुर की मिताली चोधरी, 800 मीटर फ्री स्टाईल में जयपुर की परीशा शर्मा, राजसमंद की भक्ति गोयल, भीलवाड़ा की मिष्ठी शर्मा, 50 मीटर बेक स्ट्रोक में कोटा की हंकी शर्मा, जयपुर की रफितका खाता, जयपुर की प्रेयषा शर्मा, 400 मीटर व्यक्तिगत मिडले में जयपुर की ऐनिका अग्रवाल, भीलवाड़ा की मिष्ठी शर्मा, सीकर की कृष्णा सियाग, 4 गुणा 100 मीटर फ्री स्टाईल रिले में जयपुर, भीलवाड़ा व उदयपुर क्रमश प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे।

## इमर्जिंग महिला टी20 एशिया कप : रिजर्व डे बारिश में धुला, भारत ए टीम फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली।** भारत ए टीम श्रीलंका ए टीम के खिलाफ रिजर्व डे पर वर्षा प्रभावित मैच में बिना एक भी गेंद फेंके ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए 2023 इमर्जिंग महिला टी20 एशिया कप फाइनल में पहुंच गया है। अब उनका सामना खिताबी मुकाबले के लिए बांग्लादेश ए और पाकिस्तान ए के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। भारत ए टीम ने इमर्जिंग महिला टी20 एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया है और अब तक एक भी मैच नहीं गंवाया है।



**श्रीलंका ए टीम :** दुलानी, एन सेनारत्ने, पी बादलगे, एस निसानसाला, वी गुणारत्ने, सी विमुक्ति, डी विहंगा, एम शेहानी, आर सेवंडी, यू थिमेशानी, के नुथ्यगना, एन सदामिनी, के कविंडी, एम मेथातानंदा, एम मदारा, एन मदुशानी , एस निसानसाला, एस संदीपनी, टी सेवावंडी

**इंडिया ए टीम :** श्वेता सहरावत, जी त्रिशा, सौम्या तिवारी, वी दिनेश, एम मलिक, उमा छेत्री, बी अनुषा, कनिका आहूजा, श्रेयंका तिवारी, तीता साधु, मन्नत कश्यप, काशवी गौतम, एम मदीवाला, पार्शवी चोपड़ा, एस यशश्री

## अगर इंग्लैंड 250 या उससे अधिक बनाता है तो ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत मुश्किल होगी: पूर्व क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** एशेज श्रृंखला के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के 'बैजबॉल' दृष्टिकोण ने अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पहली पारी 393 रनों के साथ घोषित करते हुए बहुत साहस दिखाया जबकि गेंद के साथ उन्होंने अच्छी तरह से सेट उस्मान ख्वाजा को वापस पवेलियन भेजने में सामरिक प्रतिभा दिखाई। घरेलू टीम को अंततः पहली पारी में सात रन की बढ़त मिली और पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन के अनुसार अगर इंग्लैंड 250 रन या उससे अधिक का लक्ष्य निर्धारित करने में कामयाब होता है तो वे पहले मैच में जीत सकते हैं। वॉन ने कहा, 'मैं इंग्लैंड के साथ जाऊंगा। नाथन लायन में एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी के खिलाफ यह बैजबॉल दृष्टिकोण है। अहम यह है कि इंग्लैंड को लायन को कैसे खेलना है। अगर वे 250 से अधिक स्कोर बनाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत कठिन होगा। डेविड वार्नर और मारनस लाबुशाने को आउट करने के लिए ब्रॉड की दोहरी मार के बाद ऑस्ट्रेलिया जबरदस्त दबाव में था। खासतौर पर तब जब स्टीव स्मिथ भी पवेलियन लौट गए। हालांकि उस्मान ख्वाजा, ट्रैविस हेड और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापस करवाई। लेकिन तीसरे दिन इंग्लिश तेज गेंदबाजों ने दम दिखाया और अंततः मेहमान टीम 386 रन पर ढेर कर दिया।



वॉन ने तेज गेंदबाजों की सराहना की क्योंकि उनका मानना है कि ब्रॉड, एंडरसन और रॉबिन्सन ने एजबेस्टन में विशेष काम किया। उन्होंने कहा, 'ब्रॉड, एंडरसन और रॉबिन्सन ने इंग्लैंड को मुकाबले में वापस ला दिया है। आज सुबह एक समय ऐसा था जब ऑस्ट्रेलिया 50-60 रन की बढ़त के करीब पहुंच चुका था।'

